तापमान

अधिकतम 22.7 डिग्री
न्यूनतम 5.6 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 15 दिसंबर 2023

12 कक्कड़ माजरा व शहीद बुर्ज गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा



12 भजन प्रतियोगिता में पुलिस डीएवी ने मारी बाजी







## ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ बिखरी भारतीय संस्कृति की महक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तटों पर भारतीय संस्कृति की महक को दूर-दूर तक महसूस किया जा रहा है। इस संस्कृति की महक का एहसास करने के बाद एकाएक देश-विदेश के लोग अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की ओर खिंचे चले आ रहे हैं। इस महोत्सव में जहां शिल्पकार अपनी शिल्पकला से पर्यटकों को मोहित कर रहे हैं, वहीं विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकार पर्यटकों का खुब मनोरंजन कर रहे हैं। अहम पहलू यह है कि ब्रह्मसरोवर की सदरियों में लगे स्टॉलों में भारतीय संस्कृति को दर्शन करवाती अदभुत शिल्पकला से भारतीय संस्कृति की महक चारों तरफ फैल चुकी है और यहां पर आने वाले पर्यटक इसका जमकर आनंद उठा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव शिल्प और सरस मेले के 8वें दिन सुबह और शाम के समय दूर-दराज से आने वाले पर्यटकों का विभिन्न प्रदेशों के लोक कलाकार मनोरंजन करने का काम कर रहे है। उत्तरी तट पर जहां राजस्थानी लोक कलाकार कच्ची घोड़ी नृत्य की प्रस्तुति देकर पर्यटकों को नृत्य करने के लिए उत्साहित कर रहे हैं, वहीं उत्तर पश्चिमी तट पर बीन-बांसुरी की धुन पर लोक कलाकार भी पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे है। इस पावन तट के चारों तरफ किसी न किसी प्रदेश के कलाकर, बाजीगर, बहरुपिए भी पर्यटकों को लुभा रहे थे। वीरवार को इस शिल्प मेले की रौनक को बढ़ाने का काम विभिन्न राज्यों से आए पर्यटकों व विद्यार्थियों ने किया। महोत्सव में आए विद्यार्थियों व पर्यटकों ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया। बच्चों, जवान और बुजुर्गों ने महोत्सव में जमकर खरीददारी की और विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान मदमस्त होकर नृत्य किया। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रशासन की तरफ से महोत्सव में पर्यटकों, शिल्पकारों, कलाकारों के लिए अच्छे प्रबंध किए गए है और यह सरस और शिल्प मेला पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। महोत्सव में 17 दिसंबर से शुरू होने वाले मुख्य कार्यक्रमों के लिए केडीबी और प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों पूरी की जा रही है।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में आए पर्यटकों का मनोरंजन करते ढोल नगाड़ा पार्टी के कलाकार।

### सतयुग दर्शन ट्रस्ट ने निकाली जागरुकता यात्रा

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान वीरवार को सतयुग दर्शन ट्रस्ट के सदस्यों ने पैदल जागरूकता यात्रा निकाली। यात्रा में शामिल ट्रस्ट के सदस्यों ने मानव धर्म को अपनाते हुए श्रेष्ठ बनने का संदेश दिया। इस दौरान सतयुग दर्शन ट्रस्ट के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। प्रस्तुति द्वार बच्चों ने सभी को सिखाया कि हमें सब सबको मिल जुलकर रहना चाहिए। ट्रस्ट के सदस्यों ने स्टॉल नंबर 613 से लेकर द्रोपदी घाट तक पैदल जागरूकता यात्रा निकाली। यात्रा में ट्रस्ट के स्थानीय अध्यक्ष एचसी मुंजाल, सदस्य जितेंद्र अरोड़ा, शशि वर्मा, लक्की मुंजाल, कांता मुंजाल, अमित अरोड़ा, कुलभूषण गाबा सहित अंबाला, रायवाली और लाडवा के सज्जनों ने भाग लिया। आओ जागे और जगाएं, सतयुग की ओर कदम बढ़ाए और हम एक ही जोत से उपजे है और एक ही अपना नाता है आदि नारों से सारा वातावरण गूंज उठा। एचसी मुंजाल ने बताया कि स्टॉल नंबर 613 पर ध्यान कक्ष लगाया गया है। इस ध्यान-कक्ष से मानवों को नैतिक चारित्रिक मानवीय आदर्शों के अनुरूप ढाल मानसिक रूप से सदाचारिता पूर्ण आचरण व निष्काम कर्म करने के योग्य बनाया जाता है ताकि उनकी वृत्ति-स्मृति व बुद्धि निर्मल हो जाए और वे कर्म फल व तीनों तापों से आजाद रहे, अंत मोक्ष को प्राप्त कर अपना जीवन सार्थक बना सकें।




### धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन धरा ब्रह्मसरोवर के तट पर पहुंची पंजाब की फुलकारी

सिर पर पगड़ी, धोती कुर्ता, चोली-दामन, घाघरा, सलवार-कुर्ता जैसे हरियाणवी परिधानों की एक अलग ही शान है। इन परिधानों की गूंज देश के साथ-साथ विदेशों में सुनने को मिलती है। इन्हीं परिधानों के बीच हरियाणा के बड़े भाई के नाम से पहचाने जाने वाले पंजाब की फुलकारी महोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज करवा चुकी है। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की धरा पर महोत्सव में पहुंची पंजाब की फुलकारी को पर्यटक खूब पंसद कर रहे है। पंजाब के पटियाला से आई लाजवंती ने अपने स्टॉल पर इस पंजाब की फुलकारी को बहुत ही आकर्षक ढंग से सजाया है। शिल्पकार लाजवंती ने बताया कि अपनी शिल्पकला फुलकारी के वजह से उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार पद्मश्री भी मिल चुका है। उनके स्टॉल में फुलकारी आर्ट के दुप्पटे, साड़ी, कुर्ती, प्लाजो सूट-सलवार सहित अन्य परिधान भी मौजूद है। उनके यह परिधान देश के साथ-साथ विदेशों में खुब पसंद किए जाते है। उनका दिल्ली मार्ट में स्वयं की दुकान भी है, जो कि लाजवंती के नाम से काफी प्रसिद्ध है। इस दुकान के माध्यम से उनके साथ अन्य लोग भी जुड़े हुए है, जिन्हे उनके द्वारा रोजगार प्रदान किया गया है। महोत्सव में वह पिछले 25 सालों से आ रही है। उनके स्टॉल पर मौजूद परिधानों की कीमत 750 रुपए से लेकर 2 हजार रुपए तक है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा जार्जेट के कपड़े पर टिपिकल फुलकारी करके उसे बहुत बड़े अनोखे ढंग से पेश किया गया है। यह शिल्पकारी पर्यटकों को काफी पसंद आई है। उनके स्टॉल पर हर समय पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है, जिससे उनकी काफी सेल हो रही है। उनके द्वारा देश के विभिन्न मेलों में अपनी स्टॉल लगाई जाती है, लेकिन जो सकून उन्हें कुरुक्षेत्र की धरा पर आने पर मिलता है, ऐसा अदभुत अनुभव उन्हें ओर कहीं नहीं होता है।



### बंदियों की शिल्पकला देखकर हैरत में पड़े पर्यटक

अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में हरियाणा प्रदेश की 8 जेलों के बंदियों की बेहतरीन शिल्पकला को रखा गया है। इन बंदियों ने सागवान की लकड़ियों से मोबाइल स्टैंड से लेकर सोफा सेट तैयार किया है। इन बंदियों के हाथों से बना सामान लोगों की घर की शोभा बढ़ाने का काम करेगा। अहम पहलू यह है कि इस महोत्सव में पिछले 7 दिनों में 1 लाख 75 हजार रुपए के समान की बिक्री भी की जा चुकी है। इस शिल्पकला को देखकर पर्यटक हैरत में पड़ रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के सरस मेले में स्टॉल नंबर 628 और 629 पर 8 जिलों के बंदियों द्वारा बनाए गए लकड़ी के सोफे, मोबाइल स्टैंड, पोट, स्टूल, बैंच, आंवला कैंडी, कपड़े से बने समान सहित अन्य उत्पादों को पर्यटकों के लिए रखा गया है। इस स्टॉल का अवलोकन नियमित रुप से जेल अधीक्षक सोमनाथ जगत कर रहे है। जेल अधीक्षक ने बातचीत करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र जेल, सेंटरल जेल अंबाला, यमुनानगर, करनाल, सोनीपत, पंचकूला, हिसार सेंटरल जेल-1 और हिसार जिला जेल-2 की जेलों के बंदियों ने बहुत सुंदर और अच्छी गुणवता के उत्पाद तैयार किए है। इन उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में रखा गया है और पर्यटक इन उत्पादों को हाथों-हाथ खरीद रहे है। इन उत्पादों की गुणतवा बाजार के उत्पादों से कहीं ज्यादा अच्छी है और दाम भी आधे है।

## खबर संक्षेप

### पानीपत में पिता व पुत्र को बेहोश कर लूटा

**पानीपत।** पानीपत के रेलवे स्टेशन पर बिहार के पिता-पुत्र का कैश और कपड़ों से भरा बैग बदमाश ले गए। जितेंद्र कुमार ने बताया कि वह चार दिसंबर को वह अपने पिता जयमंगल पासवान के साथ पानीपत रेलवे स्टेशन पर आया था। यहां दो व्यक्ति उनके पास आए। युवकों ने उसे कोल्ड ड्रिंक और उसके पिता को चाय पीने को दी। जिसके बाद दोनों बेहोश हो गए। जब वे होश में आए तो वे जिला अस्पताल में थे। उनके पास उनका सामान नहीं था।

### कट्टे के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने सिद्धार्थ नगर फाटक के पास से उमेश निवासी अक्सौली एटा यूपी हाल संत नगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से अवैध हथियार कट्टा बरामद किया है। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी उमेश के खिलाफ थाना पुराना औद्योगिक में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया है।

### पुलिस ने दो बाइक चोर को दबोचा

**पानीपत।** थाना सदर पुलिस ने रिफाइनरी गोल चक्कर पर नाकाबंदी के दौरान मोहित पुत्र बलवान व अमन पुत्र रतन सिंह निवासी गांव बल्ला जिला करनाल को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर जगजीत सिंह ने बताया कि बाइक चोरी की वारदात बारे थाना सदर में रजत पुत्र बलवान निवासी जीतगढ़ की शिकायत पर मुकदमा दर्ज है।

### ऑटो सवार की जेब से 88 हजार चोरी

**पानीपत।** समालखा कस्बे में ऑटो सवार जयभगवान निवासी गांव बिहोली की जेब से 88 हजार कैश चोरी हो गया। व्यक्ति ऑटो में बैठकर बैंक में जमा करवाने जा रहा था। रास्ते में ऑटो में बैठे तीसरे व्यक्ति ने उसके रुपए चोरी कर लिए।

## महिला की आईडी पर दो युवकों ने बजाज फाइनेंस से मोबाइल खरीदकर बेचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- एक आरोपी पर पहले भी धोखाधड़ी के आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज, आरोपी जेल में बंद

जिले के बुड़िया निवासी सीमा की आईडी पर दो युवकों ने बजाज फाइनेंस से मोबाइल फोन खरीद कर उन्हें बेच दिया। आरोप बुड़िया निवासी शुभम तथा कैंप निवासी साहिल पर लगा है। पुलिस में दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। आरोपी शुभम पर पहले भी धोखाधड़ी के आधा दर्जन मामले दर्ज है। फिलहाल आरोपी इन मामलों में जेल में बंद है।

बुड़िया निवासी सीमा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बुड़िया निवासी शुभम ने धोखे से उसकी आईडी लेकर बजाज फाइनेंस से आईफोन खरीद लिया। इसी प्रकार कैंप निवासी साहिल ने भी उसकी आईडी का प्रयोग करके एक और फोन खरीदा। इसके बाद दोनों आरोपियों ने उसे दोनों फोनों को बेच दिया। अब कंपनी द्वारा उससे दोनों मोबाइल फोन की किस्त जमा करवाने के लिए कहा गया है। जब उसे फोन खरीदने के संबंध में जानकारी मिली थी तो उसने गांधीनगर पुलिस में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी। मगर मामले में पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद उसने आरोपियों की शिकायत पुलिस अधीक्षक को दी। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच के बाद पुलिस को दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए। इसके बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 406 व 420 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार बुड़िया निवासी शुभम पर करीब चार महीने पहले दूसरों की आईडी पर बजाज फाइनेंस से मोबाइल खरीद कर आगे बचने के करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हैं।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ 17 को करेंगे हरियाणवी पैवेलियन का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- हरियाणा पवेलियन 17 से 24 दिसंबर तक पर्यटकों के लिए खुला रहेगा

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग की ओर से 8वें अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा बाग में स्थापित किये जा रहे हरियाणा पैवेलियन का उद्घाटन भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 17 दिसंबर को करेंगे। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित किया जा रहा हरियाणा पवेलियन पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। इसके अंतर्गत हरियाणा की लोक सांस्कृतिक विरासत को पर्यटकों से रूबरू करवाया जाएगा। हरियाणा पवेलियन 17 से 24 दिसंबर तक पर्यटकों के लिए खुला रहेगा।



कुरुक्षेत्र। हरियाणवी पैवेलियन की तैयारी करते विद्यार्थी।

### विरासत के स्टॉल स्थापित किए जाएंगे

युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक व हरियाणा पैवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा पैवेलियन में जहां एक ओर हरियाणवी व्यंजन पर्यटकों के लिए उपलब्ध होंगे वहीं पर दूसरी ओर हरियाणा की लोक सांस्कृतिक विरासत के 70 से अधिक स्टॉल हरियाणा पैवेलियन में स्थापित किये जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की पूरी टीम हरियाणा पवेलियन की साज-सज्जा में जुटी हुई है। अगले दो दिन में यह पैवेलियन बनकर तैयार हो जाएगा।

## महिलाओं के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाला गिरोह पकड़ा

### आरोपियों ने की लाखों की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

थाना माडल टाउन की आठ मरला चौकी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गांव महराणा निवासी जिंदा दो महिलाओं के फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र श्रम विभाग,औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थय विभाग में जमा करवा मिलने वाली लाखों रुपये मुआवजा राशि हड़पने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सरगना सहित पांच आरोपियों ललीत, रमन व मुकेश निवासी गांव डाहर, विकास व श्रवण निवासी गांव महराणा जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, आठ मरला चौकी इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को कार्यालय में दी शिकायत में गांव डाहर निवासी महिला ममता पत्नी श्रवण कुमार ने शिकायत दी थी। शिकायत की जांच की गई। वहीं जांच में दोषी पाए गए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों से ठगी की नगदी में से हजारों रूपये की राशि बरामद की गई। वहीं पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। पुलिस का पक्ष जानने के बाद कोर्ट ने पांचों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**पूछताछ में खुलासा**

**राज ज्वेलर्स के घर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार**

## अमीर बनने के लिए बनते थे नौकर घरों से उड़ा लेते थे करोड़ों का माल

अपराधी गैंग चलाकर वारदातों को देते थे अंजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सेक्टर-7 में ज्वेलर्स के घर से करीब एक करोड़ के आभूषण की चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से चोरी का सामान भी बरामद कर लिया।सेक्टर-7 मकान नंबर 645 निवासी शिकायतकर्ता ज्वेलर्स जितेंद्र कुमार ने वारदात होने से करीब पांच दिन पहले सूरज एजेंसी से बिहार के रहने वाले चलित्र नाम व्यक्ति को नौकर के तौर पर घर में रखा था। उस समय आरोपी नौकर चलित्र घर में विनोद नाम से आया था। जितेंद्र का कुंजपुरा रोड पर राज ज्वेलर्स के नाम से शोरूम है। जब चिराग सुबह 11 बजे उठा तो उसे अलमारी में अपनी ज्वैलरी नहीं मिली। उसके बेटे ने जब घर में अपने नौकर को देखा तो वह कही नहीं मिला। घर से डायमंड ब्रैसलेट कीमत करीब 15 लाख, डायमंड अंगूठी कीमत करीब 80 लाख और घड़ी करीब 2 लाख कुल करीब 97 लाख की चोरी होने पर इसकी शिकायत थाना 32/33 में दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले की तफ्तीश बर्गलरी स्टाफ टीम इंचार्ज एसआई हिम्मत सिंह को सौंपी गई। टीम द्वारा एसआई हिम्मत सिंह की अध्यक्षता में 6 दिसंबर को दो गांव कदमाहा (बिहार) हाल में ब्रिटेनिया चौंक सुकरपुर कॉलोनी दिल्ली निवासी आरोपी चलित्र मुखिया, धौसही (बिहार) हाल ब्रिटेनिया चौंक सुकरपुर कॉलोनी दिल्ली निवासी आरोपी मोहम्मद जाहिर को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। रिमांड के दौरान आरोपी चलित्र और मोहम्मद जाहिर की निशानदेही पर चोरीशुदा डायमंड ब्रैसलेट और डायमंड अंगूठी बरामद की गई। और आरोपियों की ही शिनाख्त पर 13 दिसंबर को गांव जगतपुर (बिहार) हाल हाउस नंबर 1180, गली नंबर 15, पटेल नगर कासिंद्र पासवान पुत्र कुकरू पासवान निवासी गांव जगतपुर थाना फुलपरास जिला मधुबनी बिहार हाल गुरुग्राम हाउस नंबर 1180, गली नंबर 15, पटेल नगर को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। आरोपी कासिंद्र के कब्जे चोरीशुदा घड़ी बरामद की गई।पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी चलित्र आभूषण चोरी के बाद अपने दोनों आरोपियों दोस्तों के पास दिल्ली गया था। तीनों आरोपियों ने मिलीभक्त करके ही वारदात को अंजाम दिया था।



करनाल। पुलिस की गिरफ्त में तीनों आरोपी। फोटो : हरिभूमि

### सूरज सर्वंट के नाम से बनाई थी फर्जी एजेंसी

डीएसपी वीर सिंह ने बताया कि सूरज सर्वंट एजेंसी के नाम से फर्जी एजेंसी बनाई हुई थी। एक आरोपी कासिंद्र को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया। जबकि आरोपी विनोद उर्फ चलचित्र व जाहिद को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। सभी अनपढ़ है और पहले दिल्ली की जेल में भी रह चुके हैं।

## घर से लापता युवक का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर शुरु की जांच
- शव के गले पर निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई



लापता मिले मृतक रुदल का फाइल फोटो

शहर की आत्मापुरी कॉलोनी से सात दिन पहले लापता हुए युवक का शव वीरवार को पावर हाउस यमुनानगर के पास खाली प्लाट से बरामद हुआ है। शव के गले पर निशान मिलने से उसकी हत्या की आशंका जताई गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के मुताबिक शहर की आत्मापुरी कॉलोनी निवासी रुदल (25) प्लाईवुड फैक्टरी में आपरेटर के पद पर नौकरी करता था। गत छह दिसंबर की शाम को उसके पास किसी का फोन आया था। जिसके बाद वह फोन पर बात करते हुए घर से निकला था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। उसके भाई अनुज ने बताया कि भाई का नंबर भी बंद आता रहा। उसकी तलाश की गई लेकिन कोई पता नहीं लग रहा था। जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। आरोप है कि दो दिन बाद आठ दिसंबर को उसके भाई की गुमशुदगी दर्ज की गई। भाई का पता लगाने के लिए कई बार पुलिस के चक्कर काटे। पुलिस उन्हें जांच करने की बात कहकर घर भेज देती थी। परिजनों ने उसके गुमशुदा होने के पोस्टर भी चस्पा कराए थे। जिसमें सूचना देने वाले को इनाम देने के बारे में भी लिखा गया था। इसी दौरान गत 12 दिसंबर को खाली प्लाट में रूदल के जूते परिजनों को मिले थे। जिनके बारे में पुलिस को जानकारी दी गई थी। आज उसका शव शहर के पावर हाउस के पास पड़ा हुआ मिला है। शव के गले पर निशान मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि किसी ने रुदल की गला घोंटकर हत्या करके शव खाली पड़े प्लाट में फेंक दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या व शव को खुर्दबुर्द करने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

हमीदा चौंकी प्रभारी गुरदयाल सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों के ब्यान पर हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम बना लोगों के लिए वरदानः घनश्याम

- विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने गांव लापरा व महमूदपुर में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया स्वागत
- विधायक ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के विजन को साकार करेगा। आत्मनिर्भर और विकसित भारत अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वह दूरदर्शी विजन है जिसके साकार होने से भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत और प्रभावशाली राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान कायम करेगा। उन्होंने उक्त शब्द गांव लापरा व महमूदपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहे। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि सरकार ने समाज के ऐसे वंचितों को प्राथमिकता दी है जो दशकों से मूलभूत सुविधाओं से वंचित थे और उनकी सुध लेने वाला कोई नहीं था। गरीब परिवारों का चूल्हा धुंआ रहित हो। इसके लिए सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत गरीब परिवार की महिलाओं को मुफ्त में रसोई गैस कनेक्शन दिए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत गरीब परिवार की बेटियों की शादी पर 71 हजार रुपये शगुन के रूप में दिए जा रहे हैं। मौके पर उन्होंने विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कार्यक्रम में नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया। निरोगी हरियाणा के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर, आयुष विभाग की ओर से आरोग्य शिविर, योगाभ्यास, क्रीड द्वारा परिवार पहचान पत्र से संबंधित सेवाओं के लिए हेल्प डेस्कए मेरी फसल मेरा ब्यौरा व किसानों के लिए कृषि और बागवानी विभागों की हेल्प डेस्क बनाई गई। स्वामित्व कार्ड पंजीकरण और वितरण डेस्क लगाया गया। यात्रा के दौरान कॉमन सर्विस सेंटर का संचालन मेरा भारत स्वयं सेवकों के पंजीकरण के लिए स्टॉल, पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 100 प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करने के लिए डेस्क, स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बिक्री हेतु स्टॉल व उनके परिजनों के लिए हेल्प डेस्कए बैंकिंग सेवाओं के लिए स्टाल व ऋण आवेदनों के लिए हेल्प डेस्क लगाए गए। मौके पर विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने शकील, साहिब, जरीब, बानो, महबूब, जहीरा, राजो, इस्लाम की मौके पर पेंशन बनाई गई और अश्मा, साजिदा, गौसीना को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनैक्शन दिया गया।


यमुनानगर। गांव लापरा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा। फोटो: हरिभूमि

## सहायता राशि न मिलने से क्षेत्रवासियों में रोष

रादौर। डॉ.भीमराव अंबेडकर नवीकरण आवास योजना के तहत खस्ताहाल मकानों की मरम्मत के लिए क्षेत्र के लोग सरकार की ओर से दिए जाने वाली 80 हजार रुपये की सहायता राशि की बाट जोह रहे हैं। स्थानीय निवासियों राकेश कुमार, ज्ञानीराम, सुरेंद्र कुमार, शेर सिंह, मुकेश कुमार, राजीव व संजय आदि ने बताया कि उन्होंने जुलाई माह में प्रदेश सरकार द्वारा चलाई गई डॉ.भीमराव अंबेडकर नवीकरण आवास योजना के तहत मकान की मरम्मत के लिए ऑनलाइन फार्म भरे थे। जिसका लाभ उन्हें आज तक नहीं दिया गया। जिससे उनका मकान खस्ताहाल में पहुंच गया है।

### डोर टू डोर पर लगे एजेंसी के कर्मचारी दिन भर करते रहे कचरे की ढुलाई

# नगर निगम के सफाई कर्मियों ने टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल में दिन भर कामकाज रखा ठप

- हड़ताल में नगर निगम में लगे कच्चे व पक्के कर्मचारियों ने नगर निगम कार्यालय के समक्ष किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आहवान पर नगर निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारियों ने सरकार की वादा खिलाफी को लेकर निगम कार्यालय के समक्ष वीरवार को दो दिवसीय टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल शुभारंभ पर पहले दिन जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान नगर निगम के सफाई कर्मचारी दिन भर निगम कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करते रहे। खास बात यह रही कि नपा सफाई कर्मचारियों का दमकल कर्मचारियों ने भी सहयोग किया। नगर निगम के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल में पक्के व कच्चे सभी कर्मचारियों ने भाग लिया। जबकि डोर-टू-डोर पर लगे एजेंसी के कर्मचारी दिन भर कचरा ढुलाई अभियान में लगे रहे।


यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन पर कर रहे सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते कर्मचारी नेता। फोटो: हरिभूमि

वीरवार सुबह नगर पालिका कर्मचारी संघ से जुड़े नगर निगम के सैंकड़ो सफाई कर्मचारी यमुनानगर शाखा के प्रधान पपला के नेतृत्व में निगम कार्यालय के समक्ष एकत्र हो गए। इस दौरान उन्होंने टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल शुरु कर दी और निगम कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने लगे। संघ के महासचिव मांगे राम तिगरा, जिला प्रधान प्रवेश परोचा व जिला सचिव गुलशन भारद्वाज ने कहा कि सरकार उनकी लंबित मांगो को पूरा करने में आनाकानी कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की वादा खिलाफी को लेकर उन्होंने दो दिन की टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल शुरु की है। जिसमें उन्होंने छंटनी ग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लिए जाने, नो वर्क नो पर के काले कानून के खिलाफ तथा 24 सूत्रीय मांग पत्र का समाधान के लिए टुल डाउन पेन हड़ताल की है। यदि इसके बाद भी सरकार द्वारा उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वह अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर देंगे। उन्होंने कहा कि हड़ताल के दौरान जनहित को ध्यान में रखते हुए जलसेवा व अग्निशमन सेवाओं को सुचारु रुप से चालू रखा गया है। संघ नेताओं ने कहा कि सफाई का लगभग काम घर-घर से कूड़ा उठाने ,कूड़े को ठोस कचरा निस्तारण प्लांट पर ले जाने का काम व सीवर का काम भी सरकार ने ठेकेदारों के हवाले किया जा रहा है। ठेकेदार सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने में फेल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में सफाई अभियान और ठेकेदारी के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जनता की खून पसीने की कमाई को लूटा जा रहा है और सफाई कर्मचारियों को ठेकेदारों का गुलाम बनाकर कम वेतन में जीने के लिए मजबूर किया जा रहा है। सरकार छंटनी कर काले कानून थोपकर सफाई कर्मचारियों का शोषण कर रही है।

### इन मांगों को जल्द पूरा करे सरकार

नगर पालिका कर्मचारी संघ के महासचिव मांगे राम तिगरा, वरिष्ठ उपप्रधान राजकुमार धारीवाल, कैशियर गुलजार अहमद, सोरण सिंह, जीतो देवी, कमलेश व राजबाला आदि ने सरकार से रेगुलाइजेशन की नीति बनाए जाने, सभी प्रकार के ठेकों एवं हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने, अग्निशमन विभाग के 1327 ड्राइवर व फायरमैनो को सृजित पदों पर समायोजित कर पक्का किए जाने, अग्निशमन विभाग को शहरी स्थान ने निकाय विभाग में शामिल किए जाने, अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों को दिए गए वर्दी भत्ते में किए गए भेदभाव को दूर करते हुए अन्य कर्मचारी के समान वर्दी भत्ता व धुलाई भत्ता दिए जाने, गुरुग्राम के 3480 छंटनी ग्रस्त सफाई कर्मचारियों सहित पालिकाओं, परिषदों, निगमो एवं अग्निशमन के लगभग पांच हजार कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लिए जाने समेत अन्य लंबित मांगो को तुरंत पूरा किए जाने की मांग की।

### सफाई व्यवस्था रही ठप

नगर निगम जगाधरी यमुनानगर में कच्चे व पक्के करीब 750 सफाई कर्मचारी हैं। जिनमें पे रोल पर करीब तीन तीन सौ और शेष कच्चे कर्मचारी तैनात हैं। इन सभी कच्चे व पक्के कर्मचारियों ने दिन भर हड़ताल में भाग लेकर एकता का परिचय दिया।

## गंडासी से हमला कर परिवार के तीन लोगों को किया घायल

- पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ किया केस दर्ज

यमुनानगर । गांव सरावीं में कहासुनी होने पर कुछ लोगों ने गंडासी से हमला कर परिवार के तीन लोगों को घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव सरावीं निवासी मनजीत कौर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की मौत के बाद उसकी बेटी अकविंदर कौर अपने पति बलविंदर सिंह व बच्चों के साथ उसके पास रहती है। उसने बताया कि गांव सरावां निवासी रजवंत कौर ने अपनी गाय को उनके खेतों में छोड़ दिया। अब गाय उनकी गेहूं की फसल को खराब कर रही है। जब उसने रजवंत कौर को इस बार कहा तो आरोपी ने उसे कहा कि वह गाय को पड़कर उनके घर पर बांधकर चली जाए। जब वह अपने जमाई बलविंदर सिंह के साथ गाय को पकड़कर उनके घर पर बांधकर आए तो गुरमीत सिंह, जसविंदर कौर, रमनजीत कौर, रजवंत कौर व सतपाल सैनी ने उन पर गंडासी से हमला कर दिया। जब उसकी बेटी अकविंदर कौर उन्हें आरोपियों से छुड़वाने के लिए आई तो आरोपियों ने उसे पर भी हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांचो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



यमुनानगर। सरांवा मार्ग पर अवैध कॉलोनी में अवैध निर्माण को ढ़हाता हुआ पीला पंजा।

## नगर योजनाकार विभाग का अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

- अवैध कॉलोनी में बने अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से ढ़हाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिले में अवैध कॉलोनियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी अभियान के तहत वीरवार को जिला नगर योजनाकार विभाग द्वारा जिले के सरांवा रोड पर बन रही अवैध कॉलोनी में अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से ढहा दिया। इस दौरान मौके पर पुलिस बल तैनात रहा। वीरवार को जिला नगर योजनाकार अधिकारी डीआर पचीसिया पुलिस बल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं नायब तहसीलदार साढ़ौरा के भारत भूषण के साथ जिले के सरांवा मार्ग पर बन रही अवैध कॉलोनी में पहुंच गए। इस दौरान अवैध कॉलोनी में बनी सड़कों व अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से ढ़हा दिया गया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी डीआर पचीसिया ने जनता से ऐसी अनधिकृत कॉलोनी में अपनी कमाई का निवेश नहीं करने की अपील की। उन्होंने जनता से भूखंड खरीदने से पहले डीटीपी कार्यालय में संपर्क करने की सला दी है। पचीसिया ने कहा कि नियंत्रित क्षेत्र में कोई भी निर्माण करने से पूर्व भूमि उपयोग परिवर्तन अनुमति प्राप्त करने के लिए नगर एवं ग्राम आयोजना विभाग के पोर्टल में आवेदन करने एवं अधिक जानकारी के लिए यदि आवश्यक हो तो किसी भी कार्य दिवस में जिला नगर योजनाकार कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। उन्होंने अवैध कॉलोनियों का निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी।

## सैनी महाकुंभ को लेकर किया गांवों का दौरा

- ग्रामीणों को दिया महाकुंभ में शामिल होने का न्यौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

सैनी महापंचायत संगठन के तत्वावधान में 17 दिसंबर को जींद में होने वाले सैनी महाकुंभ कार्यक्रम को लेकर सैनी समाज रादौर के प्रधान संदीप सैनी ने कई गांवों का दौरा कर लोगों को न्यौता दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने सरपंच देवेंद्र सिंह सैनी के नेतृत्व में सदस्यों का जोरदार स्वागत किया। संदीप सैनी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है जनसंख्या के अनुपात में सैनी समाज के लोगों को विधानसभा व लोकसभा की टिकट दी जाए। महाराजा शूरसैनी व महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर सरकारी अवकाश घोषित किया जाए। देश में किसी भी बड़े शिक्षण संस्थान का नाम महाराजा शूरसैनी के नाम पर रखा जाए। शहीद गुलाब सिंह सैनी का पाठ्यक्रम शिक्षा बोर्ड में लागू किया जाए। शहीद गुलाब सिंह सैनी के नाम पर एक शहीदी स्मारक बनवाया जाए। प्रदेश के हर जिले में सैनी महापुरुषों के नाम से लाइब्रेरी व चौक बनवाया जाए। ए। मौके पर सोनू सैनी, श्याम सैनी, संजय सैनी, जगन चौहान, विक्रम सैनी, मनोज सैनी, शिवकुमार सैनी, परमजीत सैनी, मिंटू सैनी, सौरभ सैनी, बिट्टू, टोनी आदि मौजूद थे।


यमुनानगर। गांव टोपरा खुर्द में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जानकारी देते संदीप सैनी व अन्य।

## छात्र पर ईंट से हमला कर किया घायल

यमुनानगर। शहर के चांदपुर गुरुद्वारे के पास ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहे दसवीं कक्षा के छात्र पर एक युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर ईट से हमला कर उसे घायल कर दिया। शहर की चांदपुर कॉलोनी निवासी ताजिम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह शाम को सरोजनी कॉलोनी से ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहा था। चांदपुर गुरुद्वारे के पास जोगिंदर नगर निवासी अशोक मिला। आरोपी ने उसे रोक लिया। उसने आरोपी को गाली देने से मना किया तो आरोपी ने ईंट उठाकर उसके सिर में मारी। जिससे वह घायल हो गया।

## सरपंचों ने मांगों को लेकर पूर्व राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

- रादौर की कांबोज धर्मशाला में बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

ब्लॉक सरपंच एसोसिएशन के तत्वावधान में वीरवार को कांबोज धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान मांगेराम कंडरोली व ब्लॉक प्रभारी गुरचरण सिंह हड़तान ने की। बैठक में सरपंचों की मांगों व समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक के उपरांत सरपंचों ने पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज को अपनी मांगों संबंधित ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर प्रधान मांगेराम कंडरौली, उपप्रधान अरुण कांबोज, कोषाध्यक्ष सुखवीर पाल्लेवाला, प्रवक्ता उधम सिंह रादौरी, सचिव कर्मवीर सिंह, सलाहाकर सतीश घिलौर आदि मौजूद थे।


यमुनानगर। रादौर में अपनी मांगों को लेकर पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज को ज्ञापन देते ब्लॉक के सरपंच।

### सरपंचों की ये है मांगें

सरपंचों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि एचएसएसआर लेबर, सीमेंट, रेत, बजरी, ईटे, ब्लॉक टाइलों के रेट में वृद्धि की जाए। जिससे विकास कायार्ें में वृद्धि हो सके। सरपंचों को 5 लाख रूपये की बजाय 25 लाख रूपये तक के विकास कार्य करवाने तक के अधिकार दिए जाएं। पंचायत को अपने संसाधनों से प्राप्त आय को पंचायत के विकास कायार्ें पर ही खर्च करने का अधिकार दिया जाए। गांव के सफाई कर्मचारी व चौकीदार यदि सही से काम न करें तो पंचायत को उस पर कार्रवाई का अधिकार दिया जाए। इसी तरह ग्राम पंचायत की फिरनी का निर्माण व उसके रखरखाव का अधिकार भी पंचायत को दिया जाए। 73वें संशोधन की 12वीं सूची में निहित 29 अधिकारों को तुरंत लागू किया जाए। गांवों में होने वाली रजिस्ट्री का एक प्रतिशत पंचायत को दिया जाए। गांवों में करवाये जाने वाले विकास कायार्ें की गुणवत्ता का प्रमाणपत्र पंचायत से लिया जाये व अन्य विकास कार्यों में सरपंचों की भूमिका अहम होनी चाहिए।

## गुरु नानक खालसा कॉलेज में एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन

- विद्यार्थियों को किशोरावस्था के दौरान संवेगात्मक स्थिरता के कारणों के लिए किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर में कॉलेज के शिक्षा विभाग के तत्वावधान में किशोरावस्था के दौरान संवेगात्म स्थिरता पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। एक्सटेंशन लेक्चर में मुख्य वक्ता के रुप में चौधरी देवीलाल कॉलेज ऑफ एजुकेशन संस्थान के प्रो. जसविंद्र सिंह ने भाग लिया। जबकि अध्यक्षता कॉलेज के प्रिंसीपल डॉ. मेजर एचएस कंग ने की। मुख्य वक्ता प्रो. जसविंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संवेगात्मक स्थिरता के लक्षणों व कारणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किशोरवस्था के दौरान बालकों के जीवन विभिन्न प्रभाव पड़ते हैं। जिनके बारे में उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। मौके पर उन्होंने संवेगात्म स्थिरता प्रकरण से संबंधित विद्यार्थियों की शंकाओं का निवारण भी किया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्य डॉ. मेजर एचएस कंग ने मुख्य वक्ता प्रो. जसविंद्र सिंह का स्वागत किया। वहीं, शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. जगत सिंह ने प्रो. जसविंदर सिंह का धन्यवाद किया और कॉलेज की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।


यमुनानगर। गुरु नानक खालसा कॉलेज में आयोजित एक्सटेंशन लेक्चर में अपने विचार रखते हुए मुख्य वक्ता। फोटो: हरिभूमि

## पानी बचाने की दिलाई शपथ

- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं वासो के सौजन्य से बिलासपुर में आयोजित हुआ कार्यक्त्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जल जीवन मिशन के अंतर्गत वीरवार को जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं वासो के सौजन्य से बिलासपुर के 22 ग्राम पंचायत के जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों का एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण शिविर कार्यक्त्रम अयोजित हुआ। जिसमें मुख्यवक्ता के रुप में विभाग की जिला सलाहकार रजनी गोयल उपस्थित हुई। इस दौरान समिति के सदस्यों को जल बचाने की शपथ दिलाई गई। मुख्य वक्ता रजनी गोयल ने कहा कि समिति को किसी भी अवैध कनेक्शन, अस्वच्छ कनेक्शन को काटने, जुर्माना लगाने और कनेक्शन को नियमित करने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति की अधिकृत प्रयोगशाला से भी पानी की नियमित जांच करवाये ।


यमुनानगर। बिलासपुर में समिति के सदस्यों को जल संरक्षण की शपथ दिलाते जिला सलाहकार रजनी गोयल।


यमुनानगर। साढ़ौरा क्षेत्र के गांव छप्पर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीणों को शपथ दिलाते हुए पूर्व विधायक बलवंत सिंह।

## विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा पहुंची

- ग्रामीणों ने यात्रा के पहुंचने पर किया जोरदार स्वागत

यमुनानगर। जिले के साढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के पांच गांव छप्पर, गढ़ी गौसांई, मंसूरपुर, कुलचंदु व पिंजौरी में वीरवार को विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान सभी पांचो गांव में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। मुख्यातिथि पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं को लेकर लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यक्रमों में उपस्थित जन समूह को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ भी दिलाई। पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने कहा कि सरकार ने लोगों के कल्याण के लिए विभिन्न योजनाएं लागू की हुई हैं। जिनका लोगों को लाभ लेना चाहिए। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष रणधीर राणा, जसविन्द्र अम्बली, पुनित कालड़ा सरपंच सुनील कुमार व विनीत कौर आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम**

### नगर निगम के मेयर ने शहर के राजा गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में सुनी लोगों की समस्याएं

## लोगों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान कराया

# योजनाओं को धरातल पर लागू कर नागरिकों को लाभ पहुंचा रही सरकारः चौहान

- हर शहरवासी व ग्रामीण की समस्या को दूर करना सरकार की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

नगर निगम के वार्ड नंबर 16 के राजा गार्डन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम मेयर मदन चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। क्षेत्रवासियों ने फूलों की मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही अधिकारियों को फोन कर उनका समाधान कराया। मेयर मदन चौहान ने कहा कि देश व प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए सरकार ने योजनाओं को धरातल पर लागू कर नागरिकों को लाभ पहुंचाया है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व सरकार हर कॉलोनी व हर गांव के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हर शहरवासी व ग्रामीण की समस्या को दूर करना सरकार की प्राथमिकता है। हर वार्ड में जरूरत के कामों को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है। विकास का क्रम पूरी पारदर्शिता के साथ अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि पिछले नौ साल से सरकार निरंतर गरीबों के हक के लिए न केवल संघर्षरत हैं। बल्कि सरकार ने ऐसी योजनाएं लागू की हैं जो गरीब व आमजन के लिए हितकारी है। इस अवसर पर संदीप धीमान, राकेश बेरी, मुकेश मग्गू, अवतार सिंह, अरुण कुमार, अशोक बक्शी, गुलाटी दीनानाथ व सुशील अरोड़ा आदि मौजूद थे।


यमुनानगर। राजा गार्डन में आयोजित कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं सुनते हुए मेयर मदन चौहान। फोटो: हरिभूमि

### सरकार गरीबों के विकास के लिए प्रयत्नशील

उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं पर सबसे पहला हक गरीबों का है। सरकार की ओर से गरीबों के लिए जितनी अधिक योजनाएं बनेंगी। समाज उतना ही सुखी होगा। सरकार गरीबों और वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील है। मेयर मदन चौहान ने कहा कि यदि किसी का आयुष्मान कार्ड एवं चिरायु कार्ड नहीं बना वह मेयर हाउस में निशुल्क ये कार्ड बनवा सकते है। मेयर चौहान ने कार्यक्रम से पूर्व क्षेत्र की गलियों का जायजा लिया और लोगों की समस्याएं सुनते हुए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर उनका समाधान करवाया।

## उद्यमशीलता को बढ़ाने को किया कार्यशाला का आयोजन

- जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज में वीरवार को स्टार्टअप के लिए प्रारंभिक धन प्राप्त करने पर एक गतिशील विशेषज्ञ सत्र की मेजबानी की गई। जिसका उद्देश्य अपने छात्रों के बीच उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देना है। सत्र में उद्योग जगत के नेता, उद्यम पूंजीपति और सफल उद्यमी शामिल हुए। जिन्होंने मूल्यवान अंतदृष्टि और मार्गदर्शन सांझा किए। कॉलेज के उद्यमिता सेल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्टार्टअप की दुनिया का पता लगाने के लिए उत्सुक नवोदित इंजीनियरों ने विविध दर्शकों को आकर्षित किया। इंडियन बैंक करनाल से मुख्य प्रबंधक मिंटू कुमार, देवेन्द्र कुमार वरिष्ठ प्रबंधक व प्रशांत शर्मा वरिष्ठ प्रबंधक ने शुरुआती फंडिंग के महत्व, निवेशकों को आकर्षित करने की रणनीतियों आदि पर चर्चा की।


यमुनानगर। जेएमआईईटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते वक्ता।

## खबर संक्षेप

### वाराणसी में वैश्य समाज की राज्यस्तरीय बैठक कल से



**कुरुक्षेत्र।** वाराणसी में 16 व 17 दिसम्बर को वैश्य राजनीतिक जागृति एवं आध्यात्मिकता का अनूठा संगम होगा। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महामंत्री राजेश सिंगला ने बताया कि संगठन के प्रदेशाध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में 16 व 17 दिसम्बर को माहेश्वरी भवन महमूरगंज, वाराणसी में अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी। बैठक के साथ-साथ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य काशी विश्वनाथ, 84 घाट दर्शन, सारनाथ अन्य प्रमुख दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे।

### प्रज्वल को स्टेट स्केटिंग में प्रथम पुरस्कार

**थानेसर।** पर्ल इंटरनेशनल स्कूल, कुरुक्षेत्र के चौथी कक्षा के छात्र प्रज्वल शर्मा ने पुलिस स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, अम्बाला सिटी में आयोजित रूरल गेम स्टेट स्केटिंग कॉम्पिटिशन 2023 में प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर पर्ल इंटरनेशनल स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। इसके साथ की कक्षा चौथी के छात्र सिदकदीप ने भी इस प्रतियोगिता में भाग लिया व अच्छा प्रदर्शन कर सर्टिफिकेट प्राप्त किया। स्कूल के प्रबंधक रोशन लाल गुप्ता व प्राचार्या दीपशिखा बेनीवाल ने प्रज्वल व उसके पिता दीपक कुमार व माता को बधाई दी। कहा कि यह पराज्वल की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि उसने राज्य स्तरीय स्केटिंग प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया है।

## अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव: लोक वाद्य यंत्रों ने निकली सुरीली धुनों से पर्यटक हो रहे मंत्रमुग्ध

# ब्रह्मसरोवर पर शिल्पकारों और कलाकारों का लगा रैला


**ब्रह्मसरोवर के तट पर पर्यटकों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे**



कुरुक्षेत्र। लोक वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति देते कलाकार। फोटो : हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। पोट दिखाता शिल्पकार मोहम्मद इमरान। फोटो : हरिभूमि



कुरुक्षेत्र। पसीमना शॉल दिखाता शिल्पकार अमी मलिक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के तट पर पर्यटकों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कई ढोल-नगाड़े के साथ-साथ डेरू वाले संगीत ने पर्यटकों को नाचने पर मजबूर कर रहे है। गौरतलब है कि 7 दिसंबर से ही शिल्प और सरस मेले की शुरूआत के साथ ही यह कलाकार महोत्सव में पहुंच गए थे और लगातार अपने-अपने राज्यों के लोक नृत्यों के माध्यम से पर्यटकों का मनोरंजन करने का काम कर रहे है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में 24 दिसंबर तक चलने वाले अंतर्राष्ट्रीय क्राफ्ट और सरस मेले में पर्यटकों के मनोरंजन के लिए और इस महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए कई तरह के लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाए जा रहे है। इस महोत्सव में जहां एक और हरियाणा और पंजाब की लोक संस्कृति देखने को मिल रही है, वहीं दूसरी ओर जम्मू एंड कश्मीर, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, वेस्ट बंगाल, महाराष्ट्र, असम, त्रिपुरा, मिजोरम, मेघालय, दिल्ली, लद्दाख सहित कई राज्यों की अदभुत लोक संस्कृति देखने को मिल रही है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आने वाले पर्यटक इन राज्यों की अदभुत और संगीतमय लोक संस्कृति को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए है।

### कानी शॉल और कश्मीरी सूट बने पर्यटकों की पसंद

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पिछले 12 सालों में लाखों रुपए के कॉनी शॉल व कश्मीरी सूट पर्यटकों को बेच चुके है। इस शिल्पकला को कुरुक्षेत्र गीता महोत्सव में आने वाले पर्यटक बहुत अधिक पंसद करते है। इस महोत्सव में गत्त वर्ष लगभग 8 लाख 50 हजार रुपए के कानी शॉल और कश्मीरी सूट की सेल हुई थी। अहम पहलू यह है कि इस कॉनी शॉल की शिल्पकला के कारण वर्ष 2018 में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से राष्ट्रीय अवार्ड भी दिया गया। शिल्पकार उमरी अमी मलिक ने महोत्सव-2023 में स्टॉल नंबर 488 दक्षिण दिशा में कानी शॉल और कश्मीरी सूट को स्टॉल लगाया है। उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता की पसमीना कानी शाल को बनाने में काफी समय लग जाता है। इस कानी शाल की कीमत लाखों रुपए में होती है। इस कानी शाल को वैरायटी के हिसाब से 5 या 6 माह में भी तैयार किया जा सकता है। इस स्टॉल पर शिल्पकार ने कानी शाल, लोई, कम्बल, सूट, फैरन आदि उत्पादों को कुरुक्षेत्र और आस-पास के पर्यटकों के लिए रखा है। इस महोत्सव में सालों से पर्यटकों की कानी शाल की पेशकस को पूरा करने का प्रयास कर रहे है।उन्होंने कहा कि अगर सही मायने में पसमीना की कानी शाली की बात करे तो उच्च गुणवत्ता की पसमीना कानी शाल बनाने में सालों का समय लग जाता है। इस कानी शॉल को डोगरा, सिख और मुगल काल में भी पसंद किया गया है। उस समय पसमीना का बडा शाल पहना जाता था और राजा महाराजा इस शाल को बडे ही शौंक के साथ पहनते थे। इस शिल्पकला को बढ़ावा देने के लिए सरकार की तरफ से भी मदद मिलती है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया के प्रोग्राम को भी आगे बढाने का काम कर रहे है।

### लकड़ी से पोट बनाकर मिला राष्ट्र में सम्मान

*अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन घाटों पर अलग-अलग राज्यों से पहुंचे शिल्पकारों की शिल्पकला पर्यटकों के मन को मोह लिया है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर 24 दिसंबर तक लगने वाले इस सरस और क्राफ्ट मेले में शिल्पकारों की अनोखी शिल्पकला की मेहनत के सार को खुद में ही ब्यां कर रही है। इतना ही नहीं इस सरस और क्राफ्ट मेले में विभिन्न राज्यों से आए शिल्पकारों ने अपनी हस्त शिल्पकला को अद्भुत तरीके से सजाने का काम किया गया है। अहम पहलू यह है कि वेस्ट लकड़ी से पोट बनाकर और कारविंग की शिल्पकला को पूरे राष्ट्र में पंसद किया गया। इस शिल्पकला से प्रभावित होकर वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से वर्ष 2007 में राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर सहारनपुर यूपी से आए मोहम्मद इमरान ने महोत्सव में दक्षिण दिशा की तरफ स्टॉल नंबर 471 पर अपनी शिल्पकला को रखा है। उन्होंने बातचीत करते हुए बताया कि वे अपने साथ लकड़ी का बना साज्जो-सजावट का सामान लेकर आए है। वे यह सारा सामान नीम, शीशम व टीक की लकड़ी से बनाते है तथा इसको बनाने में कम से कम 2 से 4 दिन का समय लगता है तथा इस कार्य के लिए उनके पास 50 कारीगर कार्य करते है जो कि अपनी हस्त शिल्पकला का प्रदर्शन अन्य राज्यों में भी करते है। वे इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हर वर्ष आते है तथा इस बार वे अपने साथ झूला, कॉफी सेट, टी सेट, रॉकिंग चेयर, रेस्ट चेयर, फ्लावर पोर्ट, कार्नर व स्टूल लेकर आए है। उन्होंने इनकी कीमत 1 हजार से 20 हजार तक रखी है।*

### एमडीडी ऑफ इंडिया ने महोत्सव में लगाया स्टॉल



कुरुक्षेत्र। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में एमडीडी आफ इंडिया द्वारा लगाए गए स्टाल पर एमडीडी के पदाधिकारी।

**कुरुक्षेत्र।** कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के तहत एमडीडी आफ इंडिया द्वारा न्याय तक पहुंच अभियान के तहत बाल विवाह रोकथाम, बाल मजदूरी व बाल यौन शोषण को रोकने के लिए एमडीडी ऑफ इंडिया की सीईओ सुरेन्द्र मान के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में बच्चों को जागरूक किया गया। राज्य बाल अधिकार संरक्षण हरियाणा सरकार के पूर्व सदस्य परमजीत सिंह बडोला ने कहा कि ऐसे जागरूक कार्यक्रम प्रत्येक गांव व विद्यालय में चलाए जाने चाहिए, ताकि समाज को ऐसी कुरीतियों से बचाया जा सके। यात्रियों व पर्यटकों ने कहा कि हम भरपूर प्रयास करेंगे कि हमारे गांव व आसपास में ऐसी कोई सामाजिक बुराई न फैले। एमडीडी ऑफ इंडिया की जिला संयोजक रीतू रानी व सह जिला संयोजक रामलाल सिरसल ने कहा कि बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है। बाल विवाह लडकी के समग्र विकास को प्रभावित करता है।



कुरुक्षेत्र। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते सफाई कर्मचारी।

### सफाई कर्मियों ने मांगों को लेकर की नारेबाजी

**कुरुक्षेत्र।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले जिला के सफाई कर्मियों ने वीरवार से दो दिवसीय टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल शुरू की। सफाई कर्मियों ने जिला प्रधान सुभाष गुंसर की अध्यक्षता में नगर परिषद परिसर में धरना दिया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रधान सुभाष गुसंर ने कहा कि कर्मचारियों की मांग है कि पालिकाओं ,परिषदों, नगर निगमों के हो रहे विस्तार व क्षेत्रफल आबादी कार्य की अधिकता के अनुपात में ग्रुप सी/ डी व सफाई, सीवर, अग्निशमन कर्मचारियों की पद संख्या बढ़ाई जाए वह नए पद सृजित कर रिक्त पदों पर नियमित भर्ती की जाए। पुरानी पेंशन बहाल करने,29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 के समझौते को लागू करने, सभी वर्गों की वेतन विसंगतियां ठीक करने, आरक्षित श्रेणियों का बैकलॉग पूरा करने, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को तेल साबुन देने, एसीपी में लगाई गई शर्तों को हटाना शामिल है। यहां जसबीर,रामधारी, कैशियर सुरेश, परमजीत सिंह, सुनीता, बबिता व बीना रहे।

### ट्रिपल मर्डर मामले का आरोपी गिरफ्तार

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने ट्रिपल मर्डर मामले के आरोपी राकेश कुमार निवासी शांतिनगर कुरडी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता नरेश कुमार ने बताया कि 7 दिसम्बर को झांसा पुलिस को सूचना मिली थी कि शांतिनगर कुरडी गांव में एक व्यक्ति ने फांसी ले ली है तथा उसके घर में उसकी पत्नी तथा दो बच्चे मृत हालत में पड़े हैं। जिस सूचना पर पुलिस टीम गांव में पहुंची तथा सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौका पर बुलाया गया। मौके पर ही को पुलिस को दिए अपने ब्यान मे संजीव कुमार पुत्र छज्जु राम वासी ननहेडा थाना सम्भु जिला पटियाला पंजाब ने बताया कि वह प्राईवेट नोकरी करता है।

## मोटे अनाज सबसे अधिक स्वास्थ्य वर्धक

- बाईसाइकिल मैन के नाम से मशहूर नीरज प्रजापति देश की जनता को कर रहे मोटे अनाज के प्रति प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानेसर



कुरुक्षेत्र। नीरज प्रजापति का स्वागत करते डॉ. आर आर फुलिया व अन्य।

बाईसाइकिल मैन के नाम से जाने जाने वाले नीरज प्रजापति का वीरवार को पिपली पैराकीट में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। नीरज प्रजापति श्रीअन्न के प्रचार व प्रसार के लिए कश्मीर से कन्या कुमारी तक यात्रा निकाल कर देश की जनता को मोटे अनाज के प्रति जागरूक कर रहे हैं। नीरज प्रजापति इस यात्रा को शुरू करने का एकमात्र उद्देश्य है देश की खेती को जहरमुक्त किया जाए, ताकि देश के लोगों को मोटा अनाज व स्वास्थ्य मिले। नीरज प्रजापति ने 1 दिसंबर से श्रीनगर के लाल चौक से यात्रा शुरू की है, जो कि 31 जनवरी को कन्या कुमारी के विवेकानंद मेमोरियल हाल में संपन्न होगी। नीरज प्रजापति ने बताया कि वर्ष 2023 को मोटे अनाज के उत्पादन के लिए मनाया जा रहा है। 2018 में यूएन में रखे गए प्रस्ताव में वर्ष 2023 को मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाने का प्रस्ताव पास हुआ था। मिशन मिलेट कश्मीर से कन्याकुमारी को मोटे अनाज से जोडकर देखा जा रहा है और इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने यह यात्रा शुरू की है। उन्होंने बताया कि मिलेट्स में सबसे ज्यादा फाइबर होता है जो अत्यधिक स्वास्थ्य वर्धक है।

## न्यूज डायरी

### धुमन सिंह को मिला राष्ट्रीय जल प्रहरी अवार्ड



**कुरुक्षेत्र।** जल है तो कल है, इसी पंक्ति को चरितार्थ करते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा जल बचाओ अभियान के तहत अनेक योजनाओं को चलाया जा रहा है। इन योजनाओं के तहत ऐसे जल प्रहरियों को सम्मानित भी किया जा रहा है, जिन्होंने जल का संरक्षण करने में अपनी अहम भूमिका निभाई। ऐसे जल प्रहरियों को सम्मानित कर सभी देशवासियों को जल की उपयोगिता और संरक्षण का संदेश देने के साथ साथ उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है ताकि वे अब भी सरकार के जल संरक्षण के अभियान में अपना योगदान दे।

### कृष्ण से बढ़कर कोई तत्व नहीं : गीता मनीषी



**कुरुक्षेत्र।** महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सान्निध्य में गीता जयंती के उपलक्ष्य में गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित किए जा रहे 5 दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के द्वितीय दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र के अखंड गीता पीठ के परमाध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी शाश्वतानंद गिरि महाराज एवं आनंद पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी बालकानंद गिरी महाराज विशेष रूप से उपस्थित हुए। दूसरे दिन के दिव्य गीता सत्संग का शुभारंभ स्वामी शाश्वतानंद गिरि महाराज के साथ मुख्य अतिथि जय भगवान शर्मा डी.डी., पंकज गोयल, मोहन गोयल आदि मौजूद रहे।

### बढ़ाई गई रीअपीयर की फीस वापस लेने की मांग



**थानेसर।** सीवाईएसएस ने बढ़ाई गई रीअपीयर की फीस को वापिस लेना के लिए और अन्य मांगों को लेकर कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। सीवाईएसएस के कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अध्यक्ष भारत बराड़ ने कहा कि रिवैल्युएशन ब्रांच में क्लर्क की कमी के कारण रिजल्ट लेट आता है, बहुत बार रिवैल्युएशन का रिजल्ट तब आता है, जब विद्यार्थी रीअपीयर का पेपर तक दे देते हैं। जिसकी वजह से विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, ब्रांच में 6 क्लर्क की वैकेंसी खाली है उनको जल्द ही भरने का काम करें ताकि विद्यार्थियों को किसी भी समस्या का सामना न करना

### निबंध लेखन प्रतियोगिता में गगनदीप रही प्रथम



**थानेसर।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 के अंतर्गत आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र के केशव सदन में आयोजित जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजराना खुर्द की कक्षा आठवीं की छात्रा गगनदीप ने जिलास्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के मुख्याध्यापक विजय कुमार व ग्राम सरपंच सुनीता देवी ने छात्रा गगनदीप व मार्गदर्शिका संस्कृत अध्यापिका मीनाक्षी शर्मा को बधाई दी। इस अवसर पर किरण कौर, नरेश कुमार मनजीत सिंह आदि अध्यापकगण मौजूद रहे।

### संजय गांधी एक दूरदर्शी सोच के व्यक्ति थे : रविन्द्र



**लाडवा।** संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा में स्कूल प्रबंधन, प्रधानाचार्य, शिक्षकों और छात्रों द्वारा स्वर्गीय संजय गांधी को उनकी जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय के सचिव रविन्द्र बंसल ने कहा कि संजय गांधी का जन्म 14 दिसंबर 1946 को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमति इंदिरा गांधी और फिरोज गांधी के घर हुआ था। वे आधुनिक और विकसित देश की कल्पना करने वाले एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत थे। उ इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा, राजबीर शर्मा, पूनम शर्मा, कविता लालर, सरोज सैनी आदि मौजूद रहे।

### फ्लावर शो प्रतियोगिता में नीशू रही द्वितीय



**कुरुक्षेत्र।** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान ब्रहमसरोवर के तट पर आयोजित जिला स्तरीय फ्लावर शो प्रतियोगिता में अनुपम शिक्षा निकेतन, पटेल नगर की 12वीं कक्षा की छात्रा नीशू ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य ऊर्णिमा गौड़, अध्यापक आशु तोष गौड़, नीना कामरा, आंचल आदि ने छात्रा की इस उपलब्धि पर उसे बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## राज्य मंत्री ने जरूरतमदों को वितरित किए चैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा



पिहोवा। चैक वितरित करते राज्य मंत्री संदीप सिंह। फोटो : हरिभूमि

राज्य मंत्री संदीप सिंह की तरफ से जरूरतमंद परिवारों एवं सामाजिक धार्मिक संस्थाओं में आर्थिक सहायता राशि के चेक वितरित किए गए। टीकरी कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को चेक देते हुए राज्य मंत्री ने कहा कि आम आदमी की छोटी-छोटी जरूरतें होती हैं। जिन्हें पैसे के अभाव में वे पूरी नहीं कर पाते। किसी को मकान बनाना है, किसी को बीमारी का इलाज तो किसी को बच्चों की फीस भरनी है। ऐसे में उनका प्रयास रहता है कि सरकार की योजनाओं से अलग अपने स्वैच्छिक कोटे से भी लोगों की मदद की जाए। उन्होंने बताया कि पिछले लगभग लगभग सवा चार साल के कार्यकाल में उन्होंने करोड़ों रुपए की राशि आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवारों में वितरित की है। उनका प्रयास रहता है कि प्रत्येक महीने में 60 से 80 परिवारों तक आर्थिक सहायता राशि पहुंचाई जाए। इसी कड़ी में गुरुवार को भी 30 परिवारों एवं संस्थाओं में लगभग 28 लाख 17 हजार रुपए की राशि के चेक वितरित किए गए। इसके अलावा 13 अन्य सहायता राशि के चेक भी लोगों को दिए गए। कार्यक्रम में राज्य मंत्री के पिता सरदार गुरचरण सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने बच्चों को हमेशा एक ही बात सिखाई है कि जरूरतमंद एवं दीन दुखी की सेवा इंसान का पहला कर्तव्य है और उन्हें गर्व है कि उनके पुत्र राज्य मंत्री संदीप सिंह एवं लेफ्टिनेंट विक्रमजीत सिंह अपनी ड्यूटी के अलावा मानवता की सेवा के लिए भी हमेशा तत्पर रहते हैं।



कुरुक्षेत्र। राज्य मंत्री संदीप सिंह का आभार जताते सरपंच। फोटो : हरिभूमि

### पंचायत में खर्च सीमा बढ़ाने पर जताया आभार

**पिहोवा।** ग्राम स्तर पर विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए सरकार की ओर से पंचायतों की 25 लाख रुपए की खर्च सीमा बढ़ाए जाने को लेकर सरपंच एसोसिएशन की बैठक प्रधान जेपी मेहला की अध्यक्षता में हुई। इसमें बतौर मुख्यातिथि राज्य मंत्री सरदार संदीप सिंह ने शिरकत की। सरपंच एसोसिएशन की तरफ से बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया गया। राज्य मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि पंचायत की कर्ज सीमा बढ़ाने के लिए जल्द नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसके बाद ग्राम पंचायत सालाना बजट का 50 फीसदी अपनी मर्जी से विकास कार्यों में खर्च कर सकेंगी। एसोसिएशन के प्रधान जेपी मेहला ने बताया कि कुछ समय पहले राज्य मंत्री संदीप सिंह के माध्यम से जिला कुरुक्षेत्र सरपंच यूनियन के प्रधान जितेंद्र खैहरा व उप प्रधान रविंद्र काजल मलिकपुर एवं सरपंचों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बातचीत करके उनके समक्ष पंचायतों की मांगें रखी थी।

## पूर्व मुख्यमंत्री ने श्रीरामेश्वर महादेव मंदिर में किया पूजन

# मंगल कार्य वीर हनुमान के बिना सम्पन्न नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र।



कुरुक्षेत्र। श्री जयराम विद्यापीठ में गीता जयंती महोत्सव के लिए पूजन करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी व अन्य।

करीब चार दशकों से चली आ रही परम्परा अनुसार जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के सान्निध्य में संत महापुरुषों, विद्वानों एवं ब्रह्मचारियों ने गीता जयंती महोत्सव 2023 के लिए भगवान श्रीराम के परम भक्त वीर हनुमान का अह्वान कर श्री हनुमत ध्वजारोहण किया और विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना करते हुए गीता जयंती महोत्सव 2023 का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह सिंह हुड्डा अपने साथियों के साथ श्रीजयराम विद्यापीठ में पहुंचे। उन्होंने परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी से आशीर्वाद लेने के उपरांत विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की एवं अभिषेक किया। इस अवसर पर उनके साथ राज्य के पूर्व मंत्री अशोक कुमार अरोड़ा, कर्ण सिंह दलाल, महेंद्र चोपड़ा, प्रो. वीरेंद्र सिंह, पूर्व विधायक रमेश गुप्ता, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलसचिव डा. कृष्ण चंद रल्हन सहित कई अन्य लोग भी मौजूद थे। विद्यापीठ के आचार्य मायाराम रतूड़ी, आचार्य प. राजेश प्रसाद लेखवार एवं प्राचार्य रणबीर भारद्वाज ने वेदाचार्यों के साथ मंत्रोच्चारण से पूजन सम्पन्न करवाया। श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरुप ब्रह्मचारी ने कहा कि भारतीय संस्कृति व परम्परा के अनुसार धार्मिक आयोजन संतों महापुरुषों के द्वारा ही होते हैं। उन्होंने कहा कि जहां भगवान श्री राम के परम भक्त वीर हनुमान विराजमान हों, धर्म की भावना और विश्वास होता है। विद्यापीठ में श्री हनुमत पूजन, ध्वजारोहण एवं गीता पाठ के उपरांत परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कुरुक्षेत्र तो भगवान श्री कृष्ण के श्री मुख से उत्पन्न पावन गीता की जन्मस्थली एवं कर्म भूमि है। यहां प्रतिदिन गीता उत्सव का आयोजन किया जाना चाहिए। ब्रह्मचारी ने बताया कि इस सृष्टि में कोई भी मंगल एवं महान कार्य वीर हनुमान के बिना सम्पन्न नहीं किया जा सकता है। महाभारत के युद्ध में भगवान श्री कृष्ण और अर्जुन के रथ का ध्वज भी भगवान श्री राम भक्त वीर हनुमान के हाथ में ही था। रावण पर भगवान श्री राम की विजय में भी वीर हनुमान का श्रेय था। जहां भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान विराजमान हो जाएं तो वह भूमि आस्था, धर्म भावना तथा विश्वास की भूमि होती है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आचार्य बलराम, के.के. कौशिक एडवोकेट, आचार्य सोमनाथ गौतम, टेक सिंह लौहार माजरा, श्रवण गुप्ता, कुलवंत सैनी, पवन गर्ग, राजेंद्र सिंघल, ईश्वर गुप्ता, खरैती लाल सिंगला, राजेश सिंगला, के.सी. रंगा, हरि सिंह, सुशील कंसल, विवेक भारद्वाज, कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अलोक शर्मा, प्रवेश राणा, यशपाल राणा, चंद्रभान कमोदा, सुनीता नेहरा, शमशेर कश्यप, सतबीर कौशिक, रोहित कौशिक, विनोद कुमार, सुनील गोरी, जयराम महिला मंडल की संतोष यादव, संगीता शर्मा इत्यादि भी मौजूद इत्यादि मौजूद रहे।

### बार एसोसिएशन चुनाव को मतदान आज

**कुरुक्षेत्र।** बार एसोसिएशन का चुनावी रंग वीरवार शाम तक पूरी तरह चढ़ गया। प्रधान, उप प्रधान, सचिव, संयुक्त सचिव व महिला एग्जीक्यूटिव मैंबर के लिए कुल 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतदाता शुक्रवार को करेंगे। अध्यक्ष पद के लिए त्रिकोणीय मुकाबला होगा। प्रत्याशियों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरा जोर लगा दिया है। शुक्रवार को मतदान सुबह आठ बजे से शाम साढ़े चार बजे तक होगा। मतदान के फौरन बाद मतगणना होगी और शाम करीब छह बजे तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। कुरुक्षेत्र बार एसोसिएशन में 1515 सदस्य अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। प्रधान पद के लिए कृष्ण कुमार गुप्ता, धर्मेंद्र अत्री व प्रशीष कंवर के बीच चुनाव होगा। उपप्रधान पद के लिए अंकित गौतम, जगजीत सिंह बरार, राहुल सैनी व सिमरन के बीच चुनाव होगा।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज जमीन की धोखाधड़ी की मामले में पुलिस ने आरोपी अमित को गिरफ्तार किया है। अब उसे जेल भेज दिया है। शिव कॉलोनी के विक्रम ने 23 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 5 मई 2023 को आरोपी धर्मेंद्र कुमार व अन्य ने आपस में मिलकर ने किसी अन्य की जमीन को अपनी बतलाकर धोखे से उसे बेचने पर उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धाखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

### यातनाएं देने वाला दूसरा आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सदर अम्बाला में दर्ज अपराधिक मानव वध के मामले में पुलिस ने अब आरोपी अमनदीप सिंह संधू को गिरफ्तार किया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। बलदेव नगर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के राज कुमार 10 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 9 सितंबर 2023 को आरोपी अमनदीप सिंह व अन्य ने मिलकर नशा मुक्ति केंद्र में यातनाएं देकर उसके बेटे की हत्या कर दी है। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। अब पुलिस ने अमनदीप को काबू किया है।

### किशोरी को ले जाने वाला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी दिवांश उर्फ विशु को गिरफ्तार किया है। किशोरी के पिता ने 12 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी दिवांश उर्फ विशु उसकी पुत्री को बहला फुसलकर ले गया है। इस शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया था।

### मानव जीवन को खतरे में डालने वाला काबू

**अंबाला।** बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर बदलकर मानव जीवन को खतरे में डालने वाले मिस्त्री वरूण कुमार को पुलिस ने काबू कर लिया है। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है। 13 दिसंबर 2023 छावनी के पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी राय मार्केट के पास बुलेट मोटरसाइकिल के साइलेंसर बदलकर मानव जीवन को खतरे में डाल रहा हैद्ध। इसके बाद पुलिस ने तुरंत रेड कर आरोपी को काबू कर लिया।

## कक्कड़ माजरा व शहीद बुर्ज गांव में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# हमारा संकल्प देश को बनाएंगे विकसित, ग्रामीणों ने ली शपथ





**शहजादपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान स्टालों का निरीक्षण करते हुए व लोगों को सम्मानित भाजपा नेता।

**प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं महिला मोर्चा की सदस्य सुमन सैनी ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शहजादपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा वीरवार को गांव कक्कड़ माजरा व बुर्ज शहीद पहुंची। यहां पर गांव के गणमान्य लोगों व अन्य ने इस यात्रा का उत्साह व जोश के साथ स्वागत किया। यहां पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के जिला प्रधान राजेश बतौरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं महिला मोर्चा की सदस्य सुमन सैनी के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं महिला मोर्चा की सदस्य सुमन सैनी ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई।

भाजपा जिला प्रधान राजेश बतौरा ने इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों व अन्य को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित भारत बनाने का जो संकल्प लिया है उसके लिए हम सबको मिलकर आगे आकर उनके सपने को साकार करना है। वर्ष 2047 में जब देश को आजाद हुए 100 वर्ष हो जाएंगे तो उस समय हम विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल होंगे।

हम सबको मिलकर अपने देश को स्वर्णिम देश बनाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विदेशों में भारतीयों की साख बढ़ी है। उन्होने कहा कि हमे अपने भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में मिलकर कार्य करना है।

उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की संकल्प यात्रा प्रचार वाहन यहां पहुंचा है। जिसको लेकर ग्रामीणों व अन्य में खुशी की लहर है।

यहां पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टालों के माध्यम से उनके विभाग से संबंधित जो योजनाएं केन्द्र व प्रदेश सरकार की हैं, उन बारे लोगों को जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। योजनाओं का जिनको लाभ नहीं मिला है, उनका मार्गदर्शन करते हुए उन्हें योजनाओं का लाभ दिलवाने का काम भी किया जा रहा है।

**भारी संख्या में लोग पहुंचे**

सैनी ने उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ लोगों को मिल रहा है। यहां पर भारी संख्या में लोग पहुंचे हैं, जन-जन में खुशी की लहर है। मोदी व मनोहर सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सुगमता से लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अब किसी को भी योजनाओं का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर नही काटने पड़ रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से स्वयं अधिकारी यहां पर आकर लोगो को सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं बारे जानकारी दे रहे हैं और जिस भी पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ नहीं मिला है तो उसे भी योजना का लाभ दिलवाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उन्होने कहा कि यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्धेश्य यही है कि पात्र यक्ति को यदि किसी कारणवश लाभ नहीं मिला है तो उसे योजनाओं का लाभ दिलवाना है।इस मौके पर भाजपा जिला प्रधान राजेश बतौरा समेत कई नेता मौजूद थे।

# भावना मर्डर मामले में इनेलो प्रदेश प्रवक्ता से होगी पूछताछ

- बहन की हत्या के बाद आरोपी ने फेसबुक पर लाइव आकर इनेलो नेता व जीजा को वारदात के लिए ठहराया था जिम्मेदार
- नोटिस को लेकर अभी तक ओंकार सिंह की ओर से किसी तरह की सफाई नहीं दी
- दोनों को पुलिस ने भेजे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

पुलिस अब बेरहमी से बहन की हत्या करने वाले आरोपी करण उर्फ कालू के आरोपों की जांच करेगी। करण ने इनेलो के प्रदेश प्रवक्ता ओंकर सिंह को घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया था। इसी आधार पर अब पुलिस ने इस मामले में ओंकार सिंह को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा है।

हालांकि नोटिस को लेकर अभी तक ओंकार सिंह की ओर से किसी तरह की सफाई नहीं दी है। करण ने इनेलो नेता ओंकार सिंह के साथ जीजा अंकुर जैन को वारदात के लिए जिम्मेदार ठहराया था।

**फेसबुक पर लाइव होकर लिया था नाम**

बहन भावना की हत्या करने से पहले व बाद में आरोपी करण ने पूरी वारदात के लिए जीजा अंकुर व ओंकार सिंह को जिम्मेदार ठहराया था।

उसने कहा था कि शादी के बाद से ही उसकी बहन को जीजा प्रताड़ति कर रहा था। उसने इनेलो नेता ओंकार सिंह पर भी उसकी बहन के मोबाइल नंबर पर कॉल करने की बात कही थी।

पुलिस ओंकार सिंह के साथ पति अंकुर जैन से भी मामले में पूछताछ करेगी।

**परिजन बोले आरोपी नशाखोर**

उधर परिजनों ने इस मामले में इनेलो नेता ओंकार सिंह की भूमिका पर बोलने से इंकार कर दिया। परिजनों ने बताया कि करण पर पहले से आर्म्स एक्ट, सट्टेबाजी और मारपीट के मुकदमे दर्ज हैं। वह जेल भी जा चुका है। नशे की लत के कारण परिवार ने उसे बेदखल कर दिया था। इसके बाद से ही करण हिमाचल प्रदेश के बद्दी इलाके में नौकरी करता था। बहन की हत्या करने से पहले ही करण बद्दी से अंबाला छावनी आया था। सोमवार को अदालत में उसकी बहन के मामले की सुनवाई थी। यहीं उसने बहन के मोबाइल फोन पर चैट पढ़ ली थी। करण का दावा है कि उसने 7.48 बजे भावना के मोबाइल पर इनेलो नेता ओंकार सिंह की मिस्ड कॉल भी देखी। सोमवार देर शाम घर पहुंचने पर ही करण ने तलवार से भावना की बेहरमी से हत्या कर दी थी। जांच अधिकारी ने बताया कि इनेलो नेता व अंकुर जैन से पूछताछ की कार्रवाई शुरू हो गई है। दोनों को नोटिस भेजे गए हैं। पूछताछ के बाद ही आरोपों की तस्वीर साफ हो पाएगी।



**नारायणगढ़।** विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य व अन्य।

### पेंटिंग में शिखा ने जिला स्तर पर तीसरा स्थान हासिल कर रोशन किया स्कूल का नाम

**नारायणगढ़।** गीता जयंती के पावन अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताओं में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूरेवाला की निधि, यशिका एवं शिखा द्वारा क्रमशः भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया गया। इस विद्यालय की छात्रा शिखा द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता में जिला स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया गया। ज्ञात रहे कि उपरोक्त तीनों छात्राओं द्वारा इससे पूर्व खंड स्तर पर आयोजित भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश गोयल द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि इन छात्रों की प्रतिभा को निखारने में शिक्षिका अनुराधा का योगदान सराहनीय रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि, गीता ज्ञान की आवश्यकता अब के समाज को है। हमारे अंतर्मन में निरंतर सात्विक एवं पासविक वृत्तियों का युद्ध चलता ही रहता है। सारा समाज तेरा व मेरा, लाभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या की अग्नि में जल रहा है इसलिए समाज को गीता ज्ञान रूपी शीतल धारा की आवश्यकता है।

# दुकान का शटर काटकर हजारों रुपये ले गए चोर

- दोसडका में वीरवार की अलसुबह चोरों ने मारी सेंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना

लूथरा कम्यूनिकेशन व लूथरा जनरल स्टोर में बदमाशो ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। लेकिन दुकानदार को दुकान में हो रही चोरी की सूचना मिली तो दुकानदार बराड़ा से अपने भाई और पिता के साथ कार में सवार होकर अलसुबह तीन बजे के करीब दोसडका स्थित अपनी दुकान पर पहुंचा। बदमाशों ने दुकान मालिक को आया देख एक बदमाश ने अपने साथी से गोली मारने को कहा। लेकिन दुकानदार के पिता ने शोर मचा दिया। शोर होने पर बदमाश हथियारों के साथ मौके से फरार हो गए। दुकानदार



द्वारा पुलिस को सूचना दिए जाने पर पुलिस की हेल्पलाइन डायल 112 भी मौके पर पहुंच गई थी।

लेकिन तब तक बदमाशो ने हजारों रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। बदमाशों की संख्या पांच बताई जा रही है। बदमाशो ने दुकान में घुसने से पहले दुकान में लगे लोहे के शटर और दरवाजे को गैस कटर से काटा और दुकान के अंदर दाखिल हुए। बदमाशो ने पहले दुकान में लगे हाई सिक्योरिटी सिस्टम को सम्पर्क काट दिया। लेकिन लुटेरे जैसे ही दुकान में नीचे आए तो वहां लगे दूसरे सिक्योरिटी सिस्टम ने हूटर बजा दिया। जिसे लुटेरों द्वारा तुरंत बंद कर दिया गया। लेकिन सिक्योरिटी सिस्टम ने दुकान मालिक को फोन कॉल की, जिस के बाद वह मौके पर पहुंच गए थे।

**चोरी की वारदात के दौरान दुकान पर पहुंचे मालिक को देख एक बदमाश बोला गोली मार इसके**

विजय लूथरा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि गांव सिरसगढ़ दोसडका में बराड़ा रोड पर उस की मोबाइल व उस के भाई अमित कुमार की जनरल स्टोर की दुकान है। 14 दिसंबर को अढाई बजे मोबाइल पर सिक्योरिटी अलार्म की कॉल आई । उसी समय वह उस का भाई अमित, पिता सुरजीत लाल आदि बराड़ा से दुकान के लिए कार से रवाना हुए। उन्होंने 112 नंबर हेल्पलाइन पर कॉल करके पुलिस को सूचना दे दी थी, मौके पर वह जैसे ही दुकान पर पहुंचे, और वह कार से उतरा तो पड़ोसी डेंटल डॉक्टर की दुकान के ऊपर लगी ग्रिल के पास खड़े 2 डकैतों ने उसे धमकियां देनी शुरू कर दी कि गोली मार इसने, इतने में उस के पिता सुरजीत लाल व भाई अमित कुमार आदि कार से निकले जिन्हें देखकर दोनों डकैत साइड में बनी ट्रेक्टर रिपेयर की दुकान की तरफ भागे, तभी बड़े भाई व पिता ने जोर जोर से शोर करना शुरू कर दिया।

**9 महीने पहले भी हुई थी वारदात**

शिकायतकर्ता विजय ने बताया कि करीब 9 महीने पहले भी उनकी दुकान पर इसी तरह की वारदात हुई थी। जिसमें चोरों मे दुकान से नए नोटों के कई हार सहित अन्य सामान चोरी किया था। मुलाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। आरोप है कि मुलाना पुलिस ने उस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की।

**केस दर्ज**

शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई थी। मुलाना पुलिस व सीआईए की टीम ने घटनास्थल का मौका किया।
-मुलाना थाना प्रभारी सतीश कुमार

# भजन प्रतियोगिता में पुलिस डीएवी ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़



**नारायणगढ़।** प्रतियोगिता के दौरान मौके पर मौजूद प्रतिभागी छात्राएं व मुख्यअतिथि।

वीरवार को डीएवी विद्यालय में भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जेएस नैन ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इनके साथ-साथ स्थानीय कमेटी के सदस्य एडवोकेट गुलियानी और पीके अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में रिटायर्ड प्रोफेसर डॉक्टर देवेंद्र आनंद तथा प्रोफेसर देवेंद्र कुमाररहे। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. आरपी राठी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्यातिथि एवं विशिष्ठ अतिथियों को पौधा पात्र भेंट करके व ओउम्का पटका पहनाकर किया गया। तत्पश्चात मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। डीएवी गान तथा स्वागत गीत द्वारा प्रतियोगिता का आरंभ किया गया । निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों से अवगत करवाया। सभी प्रतिभागियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं ।प्रतियोगिता के परिणाम स्वरूप प्रथम पुलिस डीएवी स्कूल अंबाला शहर, द्वितीय डीएवी स्कूल ,नारायणगढ़ व सोहनलाल डीएवी स्कूल अंबाला शहर संयुक्त रूप से,तृतीय स्थान पर मुरलीधर डीएवी स्कूल अंबाला शहर और केपीएके स्कूल ,अंबाला शहर संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहे। सभी विजित प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य डॉ.राठी ने प्रतियोगिता के अंत में मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट करते हुए उनका धन्यवाद किया।



**अंबाला।** मेयर शक्ति रानी शर्मा का अभिनंदन करती महिलाएं व अन्य।

### शिव मंदिर में भागवत कथा के दौरान मेयर शक्ति रानी का हुआ अभिनंदन, सुनरी पहनाई गई

**अंबाला।** अंबाला शहर के वार्ड नंबर 1 के हीरानगर में वीरवार को शिव मंदिर में भागवत कथा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के समापन समारोह पर मेयर शक्ति रानी शर्मा मुख्यातिथि के तौर पर पहुंची। यहां पहुंचने पर मेयर का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। मेयर को माता की चुनरी पहनाई गई। मेयर ने ब्यास गद्दी पर माथा टेका ।इस कार्यक्रम में नगर निगम के सदस्य जसबीर और राजेंद्र कौर मुख्य तौर पर उपस्थिति रहे। मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा मेयर शक्तिरानी के साथ आए सभी लोगो को सम्मानित किया गया। भागवत कथा में अंबाला की मेयर शक्ति रानी शर्मा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। शर्मा ने कहा कि वह हमेशा इस मंदिर कमेटी के साथ खड़ी हैं। जब भी जरूरत होगी वे हमेशा साथ खड़ी होंगी। इसके बाद मेयर ने यहां भंडारे का भी शुभारंभ किया।

# ग्राम योजना के तहत दो करोड़ की लागत से कई गांवों का होगा विकास

- लगभग 50 लाख रुपए की लागत से कलरहेड़ी रोड, 48 लाख की लागत से बरनाला में आरसीसी नाले का निर्माण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

विधायक आदर्श नगर ग्राम योजना के तहत अंबाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में दो करोड़ रुपए की लागत से विकास कार्य होंगे। गृहमंत्री अनिल विज ने बताया कि सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए दो करोड़ रुपए की राशि को जारी कर दिया गया है। योजना के तहत कलरहेड़ी रोड, बरनाला गांव में आरसीसी नाला, गरनाला में तालाब की चार दिवारी व अन्य कार्य के अलावा खतौली, धनकौर, पंजोखरा साहिब, टुंडली, बाडा आदि गांवों में विकास कार्य होंगे। गौरतलब है कि विज के प्रयासों पहले ही छावनी विधानसभा क्षेत्र के गांवों में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं जिनका जनता को लाभ मिल रहा है।लगभग 50 लाख रुपए की लागत से नारायणगढ़ रोड से कलरहेड़ी रोड का निर्माण कार्य किया जाएगा। इस रोड के बनने से पंजोखरा साहिब आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को आसानी होगी। इसी तरह गांव गरनाला में 41 लाख रुपए की लागत से तालाब की रिटेनिंग वॉल व अन्य सुधार कार्य होंगे। 48 लाख रुपए की लागत से गांव बरनाला में आरसीसी नाले का निर्माण होगा। इसी तरह गरनाला में कम्युनिटी सेंटर के निकट नाले का निर्माण, खतौली में वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम व गौशाला का शैड, इंटरलाकिंग टाइलों की गलियां, फिरनी के साथ-साथ नाले का निर्माण होगा। गांव धनकौर में फिरनी के साथ नाले का निर्माण व कम्युनिटी हॉल का निर्माण होगा। टुंडली गांव में रामदासिया चौपाल के निकट शेड व अन्य निर्माण, बाडा गांव में नाले का निर्माण शामिल है। सभी योजनाओं के टेंडर लगाकर जल्द ही इनका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

### आरोपियों के भगत सिंह सेवा समिति से जुड़ने की बात खारिज : राजेश

- संसद भवन में घुसने वाले आरोपियों का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

संसद भवन की सुरक्षा में सेंधमारी करने वाले आरोपियों के यहां की शहीद ए आजम भगत सिंह सेवा समिति से जुड़ने की बात सामने आ रही है। जांच एजेंसियों को आरोपी विक्की शर्मा की गिरफ्तारी के बाद उसके गुरुग्राम स्थित घर से व दूसरे आरोपियों के कब्जे से शहीद भगत सिंह से जुड़ी किताबें भी मिली हैं। उधर शहीदे आजम भगत सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश भगत सिंह ने इन सब दावों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि न तो वे इन आरोपियों को जानते हैं। न ही वे उनकी संस्था से जुड़े हुए हैं। उनकी संस्था का नाम इसमें गलत लिया जा रहा है। उनकी संस्था से केवल 20 से 22 लोग जुड़े हुए हैं। यहां के गांव रूपो माजरा के रहने वाले राजेश भगत सिंह ने बताया कि उनकी पंजाब में पटियाला के घनौर में कपड़ों की दुकान है। उन्होंने 17 साल पहले शहीद भगत सिंह प्रचार समिति का गठन किया था। साल 2007 में समिति का नाम बदलकर शहीद भगत सिंह ग्राम सेवा समिति नाम रखा गया। इसके बाद साल 2019 में शहीद ए आजम भगत सिंह सेवा समिति के नाम से इसका रजिस्ट्रेशन करवाया गया। राजेश भगत सिंह ने बताया कि अंबाला शहर में ऐतिहासिक वामन द्वादशी मेले के दौरान उसका दोस्त चिंटू रोल प्ले करता था।

## विधायक ने विकसित भारत संकलप यात्रा के दोरान ग्रामीणों को किया संबोधित

# आयुष्मान कार्ड से हो रहा जरुरतमंदों का नि:शुल्क उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड/ चिरायु कार्ड के माध्यम से गरीब व जरूरतमंद लोगों का पांच लाख रुपये का इलाज निशुल्क हो रहा है। अब कोई भी व्यक्ति पैसे के अभाव के कारण इलाज से वंचित नही रहा है।

अब सरकार द्वारा नई पहल करते हुए तीन लाख रुपये तक की आमदनी वाले परिवार भी मामूली राशि देकर आयुष्मान/चिरायु कार्ड बनवा कर इसका लाभ ले सकते हैं। विधायक वीरवार को विकसित भारत जन संकल्प यात्रा के दृष्टिगत गांव जैतपुर व जंधेड़ी में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे। विधायक असीम गोयल ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को संसार का सबसे ताकतवर देश बनाने का जो संकल्प लिया है, उस संकल्प को पूरा करने के लिए आमजन की भागेदारी बेहद आवश्यक है। आजादी के जब 100 वर्ष पूरे होंगे तो हम भी विकसित राष्ट्र की सूची में शामिल हों। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो यह सपना संजोया है, उस सपने को हमने पूरा करना है।



**अंबाला।** महिलाओं को सम्मानित करते विधायक असीम गोयल।

**लोगों को किया जा रहा जगरुक**

विधायक ने इस मौके पर उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलवाते हुए कहा कि विकसित संकल्प जन संवाद यात्रा के माध्यम से पिछले साढे नौ वर्षों में देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो आयाम स्थापित किए जा रहे हैं, उसे यात्रा के माध्यम से दर्शाने का काम किया गया है। जन संवाद यात्रा के तहत यहां पर विभागों द्वारा स्टालों के माध्यम से लोगों को विभाग द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की गई है उस बारे लोगों को जानकारी दी जा रही है। जिसमें आयुष्मान कार्ड, चिरायु कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, कृषि विभाग से सम्बन्धित योजनाएं व अन्य योजनाएं शामिल हैं। इन कार्यक्रमों में जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ दिलवाने का काम किया जा रहा है वहीं लोगों की पैंशन से सम्बन्धित समस्या, परिवार पहचान पत्र से सम्बन्धित समस्या या अन्य कोई भी समस्या है उस बारे जानकर अधिकारियों द्वारा उन समस्याओं का निवारण भी किया जा रहा है। उन्होने यह भी कहा कि जिला स्तर पर जो समस्याएं है उनका समाधान यहीं से किया जायेगा और जिन समस्याओं का निवारण मुख्यालय से करवाया जाना है उन समस्याओं का भी बेहतर तरीके से समाधान करवाया जा रहा है। उन्होने कहा कि पहली ऐसी सरकार है जो लोगों की समस्याओं को ढुंढकर, उनके घर द्वार पर आकर उनका निवारण करने का काम कर रही है।